# इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड की वर्ष 2017-18 की वार्षिक रिपोर्ट और लेखा परीक्षित लेखा की समीक्षा

**<u>पृष्ठभूमि</u>**

रेलवे स्टेशनों, रेल गाड़ियों और अन्य स्थानों पर खानपान और अतिथि सत्कार सेवाओं को बेहतर बनाने , उन्हें पेशेवर आयाम देने तथा उनका प्रबंधन करने तथा किफायती होटलों के विकास , विशेष टुअर पैकेजों, सूचना एवं वाणिज्यिक प्रचार और वैश्विक आरक्षण प्रणाली के ज़रिए देश के घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु भारतीय रेल के एक विस्तारित अंग के रूप में 27 सितम्बर 1999 को कंपनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत इंडियन रेलवे केटरिंग एंड टूरिज़्म कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी) की स्थापना की गई थी। कम्पनी की अधिकृत शेयर पूंजी 250 करोड़ रू. और प्रदत्त शेयर पूंजी 160 करोड़ रूपए है जो पूरी तरह से रेल मंत्रालय , भारत सरकार द्वारा प्रदान की गई है।

**<u>वित्तीय निष्पादन की विशेषताएं</u>**

वर्ष 2018-19 के दौरन कम्पनी को कुल 1,957.01 करोड़ रूपए की आय हुई , जबकि पिछले वर्ष 1549.40 करोड़ रूपए थी। कम्पनी का वर्ष 2018-19 के दौरान कर-पूर्व लाभ 475.93 करोड़ रूपए था, जबकि वर्ष 2017-18 में यह 338.98 करोड़ रूपए था और वर्ष 2018-19 में करोपरांत लाभ 305.93 करोड़ रू. था जबकि 2017-18 में 219.52 करोड़ था।

निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2018-19 के लिए कुल लाभांश 122.37 करोड़ रू (जिसमें भारत सरकार को पहले से भुगतान किया 60 करोड़ रू. का अनन्तिम लाभांश शामिल है) की सिफारिश की है जबकि पिछले वर्ष यह 88.81 करोड़ रूपए भुगतान किया गया था।

पिछले पांच वर्षों की वित्तीय विशेषताएं निम्नलिखित है

**(रू. करोड़ में)**

| क्र.सं. | वितरण | 2014-15 | 2015-16 | 2016-17 | 2017-18 | 2018-19 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कुल आय | 1,141.21 | 1,523.41 | 1598.71 | 1544.75 | 1957.01 |
| 2 | कुल व्यय | 906.76 | 1,193.58 | 1242.31 | 1181.45 | 1487.49 |
| 3 | शुद्ध मार्जिन | 234.45 | 329.82 | 356.40 | 360.30 | 469.52 |
| 4 | कर पूर्व लाभ | 214.03 | 306.79 | 331.45 | 341.48 | 475.93 |
| 5 | कर के लिए प्रावधान | 83.40 | 109.49 | 116.76 | 119.46 | 170.00 |
| 6 | करोपरांत लाभ | 130.63 | 197.30 | 214.69 | 219.52 | 305.93 |
| 7. | लाभांश | 26.13 | 75.45 | 84.68 | 88.81 | 122.37 |
| 8 | शुद्ध मूल्य | 444.25 | 700.57 | 778.34 | 947.71 | 1067.02 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 9. | कर्मचारियों की संख्या | 1511 | 1483 | 1494 | 1464 | 1509 |
| 10. | **अनुपात** | | | | | |
| (i) | कुल खर्च/कुल आय | 79.46% | 78.35% | 77.71% | 76.25% | 76.00% |

कम्पनी का क्षेत्रवार परिचालिनिक निष्पादन का विवरण नीचे दिया गया है:-

1. खानपान एवं आतिथ्य-सत्कार
2. यात्रा एवं पर्यटन
3. इंटरनेट टिकटिंग
4. बोतलबंद पीने का पानी (रेल नीर)

**खानपान एवं आतिथ्य-सत्कार**

खानपान से **2017-18** के **729** करोड़ रू**.** **(**लगभग**)** की तुलना में राजस्व बढ़कर 1065 करोड रू**.** **(**लगभग**)** रहा।

वर्ष के दौरान**,** आईआरसीटीसी **19** राजधानी**, 02** तेजस**, 01** गतिमान**, 01** वंदे भारत**, 22** शताब्दी**, 19** दूरंतों और **296** मेल/एक्सप्रेस गाड़ियों में ऑनबोर्ड खानपान का प्रबंधन किया। वर्ष **2018-19** के दौरान रेल मंत्रालय ने **01** तेजस**, 01** वंदे भारत**, 01** राजधानी और **13** मेल एक्सप्रेस गाड़ियां शुरू की।

वर्ष के दौरान आईआरसीटीसी ने नई दिल्ली, हावडा, अहमदाबाद, पटना, मुम्बई सेन्ट्रल, मुम्बई सीएसटी, बल्लारसाह, नागपुर, बालासोर, सियालदाह और खड़गपुर जं. की 11 बेस किचनों का प्रबंधन किया। खानपान नीति 2017 को ध्यान में रखते हुए वित्त वर्ष 2019 के दौरान 30 बेस किचनों का उन्न्यन भी किया गया।

वर्ष के दौरान कम्पनी ने 16 फूड प्लाजा और 49 फास्ट फूड इकाइयां शुरू की, जिससे प्रबंधन की जा रही परिचालित यूनिटों की संख्या 290 हो गई है।

ई-खानपान का विस्तार हो रहा है और 325 स्टेशनों पर उपलब्ध है। ई-खानपान के अन्तर्गत वित्त वर्ष 2018-19 के दौरान औसतन दैनिक बुकिंग 11,859 भोजन थी ।

आईआरसीटीसी के द्वारा विशाखापट्टनम, नई दिल्ली, विजयवाड़ा, आगरा कैण्ट, जयपुर, अहमदाबाद, मदुरै एवं सियालदाह में 08 एक्ज़िक्यूटिव लाऊंज शुरू किए गए हैं।

कम्पनी इस समय दो रेल यात्री निवासों जिंजर रेल यात्री निवास, नई दिल्ली और सम्पथ रेल यात्री निवास, हावडा और दो बजट होटलों को पुरी एवं रांची में परिचालित कर रही है।

**यात्रा एवं पर्यटन**

आईआरसीटीसी बाजार में अग्रणी यात्रा और पर्यटन कंपनियों में से एक बन गई है। आईआरसीटीसी के विभिन्न पर्यटन व्यवसाय क्षेत्रों में लक्जरी गाड़ी टूर महाराजा एक्सप्रेस, बुद्धिस्ट सर्किट विशेष गाड़ी, भारत

दर्शन विशेष पर्यटक गाड़ी, रेल टूर पैके ज, अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू एयर पैके ज, लैंड टूर पैके ज, होटल बुकिंग, कार रेंटल, कस्टमाइज तथा एलटीसी टूर और इवेन्ट प्रबंधन शामिल हैं। आईआरसीटीसी का विशिष्ट पर्यटन पोर्टल www.irctctourism.com विभिन्न पर्यटन उत्पादों के प्रदर्शन एवं बुकिंग के लिए एक ही स्थान पर उपलब्ध है।

पर्यटन क्षेत्र से राजस्व आय वर्ष 2017-18 के 399 करोड़ रुपये (लगभग) की तुलना में 2018-19 में 453 करोड़ रू. (लगभग) रही।

**इंटरनेट टिकटिंग**

भारतीय रेलवे पर आरक्षित टिकटों की ई-टिकटिंग 70% ऑनलाइन बुक किए जा रहे हैं, 2018-19 के दौरान आईआरसीटीसी की बेवसाइट के माध्यम से औसतन प्रतिदिन 7.78 लाख से अधिक टिकट बेचे गए। यह साइट 23.45 बजे से 00.20 बजे तक 35 मिनट के अलावा चौबीस घंटे टिकटों की बुकिंग करती है।

| **वर्ष** | **2017-18** | **2018-19** |
|---|---|---|
| **बुक की गई ई-टिकटों की संख्या (लाख में)** | 2466 | 2841 |
| **ई-टिकट में बुक किए गए यात्रियों की संख्या (लाख में)** | 4340 | 4949 |
| **ई-टिकटिंग से प्राप्त राजस्व (करोड़ रू. में)** | 28475 | 32069 |

**इंटरनेट टिकटिंग क्षेत्र से राजस्व आय 2017-18 की 204 करोड़ रू. (लगभग) की तुलना में 2018-19 में 239 करोड़ रू. (लगभग) रही**

**<u>बोतलबंद पीने का पानी (रेल नीर):</u>**

इस समय आईआरसीटीसी के परिचालित संयंत्र दिल्ली, पटना, पालूर, अम्बरनाथ, अमेठी, पारासल्ला और बिलासपुर में हैं, कम्पनी ने वित्त वर्ष 2018-19 में हापुड, सानन्द, नागपुर और भोपाल में चार नए संयंत्र स्थापित किए हैं।

नांगलोई, दानापुर, पालूर, अम्बरनाथ, अमेठी, पारासल्ला एवं बिलासपुर स्थित संयंत्रों का कुल उत्पादन पिछले वर्ष **के 20.20** करोड़ बोतल की तुलना में वित्त वर्ष 2018-19 में 21.50 करोड़ बोतल रहा। 31 मार्च **2019** में सभी संयंत्रों की क्षमता उपयोगिता **83** प्रतिशत थी।

रेल नीर क्षेत्र से राजस्व् आय 2017-18 के 167 करोड़ रू. (लगभग) की तुलना में 2018-19 में 180 करोड़ रू. (लगभग) रही।

***********************